महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

## हिंदी विवि में गणतंत्र दिवस पर कुलपति प्रो. सिंह ने किया ध्वजारोहण
## संविधान में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आगे बढ़े : प्रो. कृष्ण कुमार सिंह

वर्धा, 27 जनवरी 2025: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस परध्वजारोहण के बाद उपस्थितों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि हमें संविधान में निर्धारित लक्ष्यों के प्राप्ति की दिशा मेंलगातार आगे बढ़ना चाहिए और एकता के सूत्र को निरंतर मजबूत करना चाहिए। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि हमारे देश मेंगणतंत्र की जड़े सर्वाधिक प्राचीन है। भारतीय संविधान में न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के मूल्यों की बात कही गई है, इस दिशा में हमें संकल्पित होकर



काम करने की आवश्यकता है। संविधान निर्माता बाबासाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने 25 नवंबर 1949 को दी गई चेतावनी का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने कहा था कि हम एक अंतर्विरोधों के नए युग में प्रवेश कर रहे हैं। उनका मानना था कि हम राजनीतिक क्षेत्र में बराबरी हासिल करेंगे परंतु सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र में हमें गैर बराबरी और विषमता को मिटानेके लिए संकल्प लेना होगा। उनकी इस बात पर उन्होंने कहा कि हमें सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र में बराबरी लाने के लिए काम करना चाहिए। भारत सरकार इन लक्ष्यों की प्राप्ति दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने उच्च शिक्षा और उनके दायित्व बोध का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें संविधान के अंतर्गत अपने लक्ष्यों की प्राप्ति का गहरा एहसास व बोध हो, हमें इसे हासिल करने का संकल्प लेना चाहिए। वैदिक साहित्य के सूत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय दुनिया के लिए एक घोंसले के समान है, यहां अलग-अलग क्षेत्र के

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: buddhadassmirge@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

लोग ज्ञानार्जन करने आते हैं, जो अपने अपने तरीके से ज्ञान प्राप्त करते हैं। गीता में उल्लेखित विचार का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि ज्ञान के समान पवित्र कुछ नहीं है। इसलिए हमारा दायित्व है कि हमें ज्ञान के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय संविधान के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए हमेशा सक्रिय रहा है और आगे भी रहेगा। विश्वविद्यालय के वाचस्पति भवन के



प्रांगण में कुलपति प्रो. सिंह ने राष्ट्रध्वज फहराया। कुलपति प्रो. सिंह ने ध्वजारोहण से पहले गांधी जी और बाबासाहबडॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर अभिवादन किया। ध्वजारोहण के समय सुरक्षा कर्मियों ने बैंड पर राष्ट्रगान की धुन बजाई और सुरक्षा कर्मियों तथा विश्वविद्यालय के 21 महाराष्ट्र एनसीसी बटालियन ने कुलपति को परेड-सलामी भी दी। सुरक्षा कर्मी परेड कमांडर मनोज शिरनाथे, प्लाटून कमांडर रवीन्द्र पंचभाई व एनसीसी के देवेंद्र पाल सिंह व हर्ष गुप्ता ने परेड का नेतृत्व किया।

इस अवसर पर अधिष्ठातागण, कुलसचिव, विभागाध्यक्ष, केंद्र के निदेशक, अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: buddhadassmirge@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

**हिंदी विश्वविद्यालयात प्रजासत्ताक दिनी कुलगुरू प्रा. सिंह यांनी केले ध्वजारोहण**
**संविधानात निश्चित केलेली उद्दिष्टे साध्य करण्यासाठी पुढे जाऊया: प्रो. कृष्ण कुमार सिंह**

वर्धा, २७ जानेवारी २०२५: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात ७६ व्या प्रजासत्ताक दिनी ध्वजारोहण केल्यानंतर उपस्थितांना संबोधित करताना कुलगुरू प्रो. कृष्ण कुमार सिंह म्हणाले की संविधानात निश्चित केलेली उद्दिष्टे साध्य करण्यासाठी आपण सतत पुढे जावे आणि एकतेचा धागा सतत मजबूत करावा. कुलगुरू प्रो. सिंह म्हणाले की आपल्या देशात प्रजासत्ताकाची मुळे सर्वात प्राचीन आहेत. भारतीय संविधानात न्याय, स्वातंत्र्य, समता आणि बंधुता या मूल्यांबद्दल बोलले गेले आहे आपण या दिशेने दृढनिश्चयाने काम केले पाहिजे. २५ नोव्हेंबर १९४९ रोजी संविधान निर्माते बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर यांनी दिलेल्या इशाऱ्याचा उल्लेख करताना ते म्हणाले की डॉ. आंबेडकर म्हणाले होते की आपण विरोधाभासांच्या एका नवीन युगात प्रवेश करत आहोत. त्यांचा असा विश्वास होता की आपण राजकीय क्षेत्रात समानता साध्य करू पण सामाजिक आणि आर्थिक क्षेत्रातील असमानता आणि विषमता दूर करण्याचा संकल्प आपल्याला करावा लागेल. या मुद्द्यावर ते म्हणाले की आपण सामाजिक आणि आर्थिक क्षेत्रात समानता आणण्यासाठी काम केले पाहिजे. भारत सरकार ही उद्दिष्टे साध्य करण्याच्या दिशेने वाटचाल करत आहे. उच्च शिक्षण आणि त्याच्या जबाबदारीच्या भावनेवर बोलताना ते म्हणाले की संविधानाच्या अंतर्गत आपली उद्दिष्टे साध्य करण्याची आपल्याला खोल भावना आणि जाणीव असली पाहिजे आणि ती साध्य करण्यासाठी आपण प्रतिज्ञा केली पाहिजे. वैदिक साहित्यातील एका सूत्राचा उल्लेख करताना ते म्हणाले की शाळा ही जगासाठी एक घरटे आहे, जिथे विविध क्षेत्रातील लोक ज्ञान मिळविण्यासाठी येतात आणि प्रत्येकजण आपापल्या पद्धतीने ज्ञान प्राप्त करतो. गीतेत नमूद केलेल्या विचाराचा उल्लेख करताना ते म्हणाले की ज्ञानाइतके पवित्र दुसरे काहीही नाही. म्हणून ज्ञानाच्या क्षेत्रात आपण सतत पुढे जात राहावे ही आपली जबाबदारी आहे. ते म्हणाले की विश्वविद्यालय नेहमीच संविधानाची उद्दिष्टे साध्य करण्यासाठी सक्रिय राहिले आहे आणि यापुढेही राहील. विश्वविद्यालयाच्या वाचस्पती भवनाच्या परिसरात कुलगुरू प्रो. सिंह यांनी राष्ट्रध्वज फडकावला. कुलगुरू प्रो. ध्वजारोहण करण्यापूर्वी सिंह यांनी गांधीजी आणि बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर यांच्या पुतळ्यांना पुष्पहार अर्पण करून आदरांजली वाहिली. ध्वजारोहण समारंभात सुरक्षा कर्मचाऱ्यांनी बँडवर राष्ट्रगीत वाजवले आणि सुरक्षा कर्मचाऱ्यांनी आणि विश्वविद्यालयाच्या २१ महाराष्ट्र एनसीसी बटालियनने कुलगुरूंना परेड-सलामी दिली. सुरक्षा कर्मचारी परेड कमांडर मनोज शिरनाथे, प्लाटून कमांडर रवीन्द्र पंचभाई आणि एनसीसीचे देवेंद्र पाल सिंह आणि हर्ष गुप्ता यांनी परेडचे नेतृत्व केले.

यावेळी, अधिष्ठाता, कुलसचिव, विभागप्रमुख, केंद्र संचालक, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी आणि विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते.